# कार्यालय कलेक्टर जिला-जशपुर (छ.ग.)

## // आदेश //

क्रमांक /2220/ GENS/80271/2026-CEO ZP STENO SEC JSPGENS/80271/2026-CEO ZP जशपुर, दिनांक 09/09/26

कार्यालय जिला पंचायत जशपुर (छ.ग.) के पत्र कमांक/1328/लेखा अधि/जॉच/2026 जशपुर दिनांक 08.09.2026 द्वारा प्रस्तुत जॉच प्रतिवेदन के आधार पर श्री देवेन्द्र सिंह (मूलपद उच्च वर्ग शिक्षक), प्रभारी विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक, विकासखण्ड फरसाबहार, जिला जशपुर (छ.ग.) के विरूद्ध कथित आर्थिक शोषण, मानसिक प्रताड़ना, पद के दुरूपयोग एवं भ्रष्टाचार संबंधी प्राप्त शिकायत प्रारंभिक जांच में प्रथमदृष्ट्या सही पाये जाने के फलस्वरूप छ.ग. सिविल सेवा विभागीय जॉच नियम 1966 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी पत्थलगांव, जिला–जशपुर (छ.ग.) नियत किया जाता है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

**यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।**

**कलेक्टर**
**जिला– जशपुर (छ.ग.)**

पृ0क्रमांक /2220/A/ GENS/80271/2026-CEO ZP STENO SEC JSPGENS/80271/2026-CEO ZP जशपुर,दिनांक 09/09/26

प्रतिलिपिः–

1. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, छत्तीसगढ़ नवा रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
3. आयुक्त, सरगुजा संभाग, अम्बिकापुर (छ.ग.) की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
4. संयुक्त संचालक, संभागीय लोक शिक्षण अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.) की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
5. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत जशपुर (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ।
6. जिला कोषालय अधिकारी, जिला जशपुर (छ.ग.) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. जिला शिक्षा अधिकारी, जिला जशपुर (छ.ग.) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
8. जिला मिशन समन्वयक, समग्र शिक्षा जिला जशपुर (छ.ग.) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
9. विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड फरसाबहार जिला जशपुर (छ.ग.) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
10. श्री देवेन्द्र सिंह (मूलपद उच्च वर्ग शिक्षक), प्रभारी विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक, विकासखण्ड फरसाबहार जिला जशपुर (छ.ग.) को सूचनार्थ एवं आदेश पालनार्थ।

**सही/–**
**कलेक्टर**
**जिला– जशपुर (छ.ग.)**

Digitally signed by
ROHIT VYAS
Date: 09-09-2026
20:02:36

Scanned with OKEN Scanner